NAVEEN GOVT COLLEGE JEWARTALA
नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला, जिला-बालोद, (छ.ग.)
DIST.- BALOD, C.G., 491771
Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg, (C.G)
govtcollegejewartala@gmail.com
YouTube IN

जनवरी – मार्च
2026
त्रैमासिक

संपादक: ग्रंथालय विभाग
अतिथि ग्रंथपाल: टिकेश कुमार कोसारे
Volume - 01, Issue – 03, 2026
प्रकाशन तिथि :01/04/2026

# प्राचार्य संदेश

मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि नवीन शासकीय महाविद्यालय, जेवरतला की स्थापना 2023 में हुई थी। यहाँ कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के साथ–साथ खेलकूद, ग्रंथालय व कैरियर मार्गदर्शन जैसी गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। समर्पित व कुशल स्टॉफ तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह संस्थान छात्रों को आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। मैं आप सभी को इस शिक्षायात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता हूँ और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

डॉ. यासर कुरैशी,
प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय, जेवरतला



# न्यूजलेटर के संबंध में संदेश

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि नवीन शासकीय महाविद्यालय, जेवरतला द्वारा त्रैमासिक न्यूज लेटर Volume - 01, Issue – 03, 2026 (जनवरी-मार्च 2026) का प्रकाशन किया जा रहा है। यह न्यूज लेटर महाविद्यालय गतिविधियों को साझा करने का एक सराहनीय प्रयास है। इस न्यूज लेटर का संपादन एवं संयोजन ग्रंथालय विभाग के अतिथि ग्रंथपाल श्री टिकेश कुमार कोसारे द्वारा किया गया है। इस पहल का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टॉफ के रचनात्मक प्रयासों को एक मंच प्रदान करना है।



श्री नरहरि सिंह ठाकुर
सहायक प्राध्यापक एवं ग्रंथालय प्रभारी
नवीन शासकीय महाविद्यालय
जेवरतला

श्री टिकेश कुमार कोसारे
अतिथि ग्रंथपाल
नवीन शासकीय महाविद्यालय
जेवरतला



## वनस्पति विज्ञान विभाग, अतिथि व्याख्यान

**Date: 12-01-2026 नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के निर्देशन में तथा सहायक प्राध्यापक श्री नरहरि सिंह के मार्गदर्शन में वनस्पति विज्ञान विभाग, द्वारा अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री किशोर कुमार टंडन (सहायक प्राध्यापक)शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा छ.ग., मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।श्री टंडन जी ने टिश्यू कल्चर की तकनीक, इसके सिद्धांत, महत्त्व, उपयोगिता तथा पौधों के संरक्षण एवं उन्नत किस्मों के विकास में इसकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।**




## राष्ट्रीय युवा दिवस Date: 14-01-2026


**नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला बालोद में आज** दिनांक **12/1/2026 दिन सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग से श्रीमती पुष्पलता जैन के द्वारा करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं का होना अत्यंत जरूरी है बताया। हिंदी विभाग से श्री सुमित कुजूर ने स्वामी विवेकानंद जी शिकागो सम्मेलन पर उसकी महत्वपूर्ण योगदान को विस्तार करते हुए युवाओं की राष्ट्रीय निर्माण में आवश्यकता को उजागर किया।**




## सहपाठी शिक्षण कार्यक्रम

**Date: 14-01-2026**

**नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला में आज दिनांक 24/12 /25 दिन बुधवार को हिंदी विभाग द्वारा सहपाठी शिक्षण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग से श्री सुमित सर के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं द्वारा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शीर्षकों को लेकर पढ़ाया गया जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने नेतृत्व क्षमता शिक्षा की गहराई शिक्षण के महत्व को अनुभव किया।**



## भूगोल दिवस

**Date: 15-01-2026**




**भारत में 14 जनवरी को भूगोल दिवस मनाया जाता है जो भूगोल के महर्षि प्रोफेसर सी डी देशपांडे की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है प्रोफेसर देशपांडे सच्चे पद प्रदर्शन थे जिनके कार्यो ने हमारे देश में आधुनिक भौगोलिक अध्ययन की नींव रखें इसी बातों को ध्यान में रखते हुए नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला बालोद में संस्था प्रमुख डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन तथा सहायक प्राध्यापक श्री नरहरि सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भूगोल दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया गया !**

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस  Date: 02-02-2026

**महाविद्यालय में विश्वआर्द्रभूमि दिवस का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा  प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देशन में किया गया। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने आर्द्रभूमि संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विश्व आर्द्रभूमि दिवस का यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।**







***Global Event: "Water-Resource Management for Generational Sustainability".***
***Date: 06-02-2026***

**नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला में  दिनांक 06/02/2026 को NDLI क्लब द्वारा ग्लोबल इवेंट- "Water-Resource Management for Generational Sustainability". कार्यक्रम के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान किया गया । जिसमें यूट्यूब चैनल के माध्यम से सभी छात्र- छात्राओं एंव कर्मचारियों ने भाग लिया।**

***मानचित्र भरने की प्रतियोगिता***

*Date: 11-02-2026*




*नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला बालोद में छात्र-छात्राओं में भौगौलिक ज्ञान, सटीकता और कौशल का परीक्षण करने हेतु,मानचित्र भरने की प्रतियोगिता का आयोजन 11/02/26 को किया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में प्रतिस्पर्धा में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान में रही बी.ए-3वर्ष खुशबू द्वतीय स्थान पर रेखचंद तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया तेजस्वी साहू।*

## सहकर्मी शिक्षण कार्यक्रम Date: 27-02-2026

**नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला बालोद छत्तीसगढ़ में 27/02/2026 को सहकर्मी शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमें बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्रा कु.अमिषा देवागन के द्वारा सतत् विकास की अवधारणा विषय पर बी.ए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर छात्र-छात्राओं के समक्ष व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, इस अवसर पर छात्रा के अपने व्याख्यान को प्रस्तुत करने हेतु व्याख्यान विधि का प्रयोग किया, उन्होंने अपने व्याख्यान की विषय को सरल व सूबोध बनाए रखने हेतु प्रश्नोत्तर ढंग से तथ्यों को प्रस्तुत किया गया।**




## गेस्ट लेक्चरर कार्यक्रम (भूगोल विभाग )

**Date: 28-02-2026**

नवीन शासकीय महाविद्यालय जेवरतला बालोद छत्तीसगढ़ में गेस्ट लेक्चरर कार्यक्रम का आयोजन IQAC के तत्वाधान में भूगोल विभाग के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय दिग्विजय स्वाशासी स्नातकोतर महाविद्यालय राजनांदगांव भूगोल विभाग से सहायक प्राध्यापक श्री एन.के साकरे रहे।व्याख्यान का प्रमुख विषय एल- नीनो ला- नीना का मानसून पर प्रभाव ।इस कार्यक्रममें सहारे जी ने एल-नीनो ला नीनो जैसे जटिल विषय को सरल शब्दों एवं सहज ढंग से बताया गया।




## अतिथि व्याख्यान (वनस्पति विज्ञान विभाग)

**Date: 28-02-2026**

**महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.यासर कुरैशी के मार्गदर्शन में वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमित कुमार सिंह थे, जो भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में अपनी सेवा दे रहे है। आज के इस व्याख्यान का विषय "छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले औषधीय पादप एवं उनके उपयोग" था। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य में उपलब्ध औषधीय पौधों की जानकारी देना तथा उनके औषधीय एवं पारंपरिक महत्व से अवगत कराना था।**







### *अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस*

***Date: 07-03-2026***

*दिनांक 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 7 मार्च 2026 को प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देशन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, अधिकारों तथा समाज और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना था।*




## विश्व वृक्षारोपण दिवस Date: 20-03-2026

**आज दिनांक 20-03-2026 दिन शुक्रवार को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'विश्व वृक्षारोपण दिवस' (World Plantation Day) के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया (यह दिवस प्रतिवर्ष 21-03-26 को मनाया जाता है, इस दिन शासकीय अवकाश होने पर यह कार्यक्रम आज दिनांक 20-03-2026 को मनाया गया। आज का यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

## "विश्व जल दिवस" Date: 23-03-2026

आज दिनांक 23 मार्च 2026 दिन सोमवार को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा "विश्वजल दिवस" का आयोजन किया गया। (यह दिवस प्रतिवर्ष 22-03-2026 को मनाया जाता है, इस दिन रविवार होने पर यह कार्यक्रम आज दिनांक 23-03-2026 को मनाया गया।) यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.यासर कुरैशी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना तथा जल और वनस्पतियों के परस्पर संबंध को समझाना था।




## NDLI Global Event: " AI for Humanity" Date: 27-03-2026

दिनांक **27/03/2026** को NDLI क्लब द्वारा ग्लोबल इवेंट- **" AI for Humanity".** कार्यक्रम के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें यूट्यूब चैनल के माध्यम से छात्र- छात्राओं एंव कर्मचारियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देशन व सहायक प्राध्यापक श्री नरहरि सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता **Dr. Uma Ganesh,** Board Member, WHEELS Global Foundation थे जिन्होंने AI transforming futures and smart technology के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया यह कार्यक्रम निश्चित ही आनेवाले समय में हमारे लिए फायदेमंद होगा।

